<u>**निम्नलिखित पदों पर भर्ती के लिए कंप्यूटर आधारित संयुक्त भर्ती परीक्षण हेतु ई-प्रवेश पत्र**</u>

विषय : निम्नलिखित पदों पर भर्ती के लिए कंप्यूटर आधारित संयुक्त भर्ती परीक्षण:-

(क) आयुष मंत्रालय में चिकित्सा अधिकारी/अनुसंधान अधिकारी (होम्योपैथी) के 36 पद (विज्ञापन सं. 07/2020, रिक्ति सं. 20070701125)

(ख) आयुष निदेशालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार में सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी (होम्योपैथी) के 07 पद (विज्ञापन सं. 09/2020, रिक्ति सं. 20080904122)

<u>**नोटिस**</u>

संघ लोक सेवा आयोग उपर्युक्त पदों पर भर्ती के लिए **दिनांक 20.12.2020 (रविवार) को अपराहन सत्र में पूर्वाहन 09.30 बजे से पूर्वाहन 11.30 बजे तक देशभर के पन्द्रह केन्द्रों पर** कंप्यूटर आधारित संयुक्त भर्ती परीक्षण का आयोजन करेगा। **उम्मीदवारों द्वारा परीक्षण केन्द्र पर रिपोर्ट करने का समय प्रात: 8.00 बजे है।** आयोग ने प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों की सुविधा के लिए कंप्यूटर आधारित संयुक्त भर्ती परीक्षण हेतु ई-प्रवेश-पत्र (अथवा अस्वीकृत किए गए आवेदन पत्रों के संबंध में आवेदन पत्र को अस्वीकृत किए जाने के कारण/आधार) अपनी वेबसाइट (http://www.upsc.gov.in) पर अपलोड किए हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें और उसका प्रिंटआउट निकाल लें। प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों को उन्हें आबंटित परीक्षण-स्थल पर भर्ती परीक्षण में प्रवेश लेने के लिए अपने ई-प्रवेश-पत्र के प्रिंट आउट सहित अपना मूल फोटो पहचान-पत्र(जैसे मतदाता पहचान पत्र/आधार कार्ड/पैन कार्ड/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस/ केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र) प्रस्तुत करना होगा। जिन उम्मीदवारों की फोटो ई-प्रवेश-पत्र पर स्पष्ट नहीं है, वे भर्ती परीक्षण में प्रवेश के लिए अपनी फोटो पहचान का कोई मूल प्रमाण, जैसे आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र एवं परिवचन सहित पासपोर्ट आकार के दो फोटोग्राफ अपने साथ लाएं। **इस भर्ती परीक्षण के लिए आयोग द्वारा कोई कागजी प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा।**

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने ई-प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट निकाल लें। किसी प्रकार की विसंगति के मामले में, तत्काल आयोग को सूचित किया जाए, जिससे आयोग इस मामले में निर्णय ले सके। किसी प्रकार की कठिनाई आने पर, उम्मीदवार संघ लोक सेवा आयोग के सुविधा केन्द्र के टेलीफोन नं. 011-23381125, 23385271 तथा 23098543 पर सभी कार्यदिवसों में प्रात: 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे के बीच संपर्क कर सकते हैं।